बैंक ऑफ महाराष्ट्र
Bank of Maharashtra
भारत सरकार का उद्यम
एक परिवार एक बैंक

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निगमित संप्रेषण व निवेशक संबंध**
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे - 5
टेलि -020 :25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार

# प्रेस विज्ञप्ति

## बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022' का आयोजन

**पुणे, 7 नवंबर, 2022:** बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश के सार्वजनिक क्षेत्र का एक अग्रणी बैंक है। बैंक द्वारा 31 अक्टूबर, 2022 से 6 नवंबर, 2022 तक अपनी शाखाओं और कार्यालयों में 'भ्रष्टाचार मुक्त भारत - विकसित भारत' विषय के साथ 'सतर्कता जागरूकता सप्ताह' का आयोजन किया गया।

सप्ताह भर चलने वाले इस समारोह का शुभारंभ 31 अक्टूबर, 2022 को सत्यनिष्ठा शपथ समारोह के साथ हुआ। श्री ए. एस. राजीव, प्रबंध निदेशक एवं सीईओ, बैंक ऑफ महाराष्ट्र द्वारा बैंक के प्रधान कार्यालय में सभी कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। भ्रष्टाचार-रोकथाम, ईमानदारी और अखंडता के महत्व पर माननीय राष्ट्रपति, उप राष्ट्रपति, भारत के प्रधानमंत्री और केंद्रीय सतर्कता आयोग के संदेशों का कार्यपालक निदेशक श्री ए. बी. विजयकुमार तथा कार्यपालक निदेशक श्री आशीष पाण्डेय और मुख्य सतर्कता अधिकारी श्री अमित श्रीवास्तव द्वारा बैंक के कर्मचारियों हेतु वाचन किया गया।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के अवसर पर बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने अपने ग्राहकों के लिए एक महीने का 'साइबर सुरक्षा जागरूकता अभियान' शुरू किया। इस पहल के अंतर्गत, बैंक की वेबसाइट के माध्यम से आम जनता और ग्राहकों के लिए क्विज़ आयोजित की गई और सफल सहभागिता पर, उन्हें डिजिटल प्रमाण पत्र भी प्रदान किया गया। बैंक के ग्राहकों के बीच साइबर सुरक्षा जागरूकता उत्पन्न करने के लिए एसएमएस और ई-मेल के माध्यम से एक व्यापक अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कर्मचारियों के लिए एक विशेष आईटी प्लेटफॉर्म विजी कॉर्नर का भी शुभारंभ किया गया।

बैंक के सेवा प्रदाताओं अर्थात बैंक से जुड़े पैनल एडवोकेट्स, लेखापरीक्षक, सिक्योरिटी एजेंसियों, लेबर कॉन्ट्रैक्टर्स, आईटी वेंडर्स आदि के लिए 1 नवंबर, 2022 को एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन के दौरान बैंक के निदेशक मंडल ने सेवा प्रदाताओं के साथ बातचीत की।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान क्विज़ और स्लोगन लेखन प्रतियोगिताएं, कार्यशालाएं, संवेदीकरण कार्यक्रम, कर्मचारियों के लिए प्रतियोगिताएं, रैलियां, रेडियो जिंगल का प्रसारण, होर्डिंग्स और बैनर का प्रदर्शन, ग्राम सभा में जागरूकता कार्यक्रम, स्व-सहायता समूहों के साथ बैठक आदि विभिन्न जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। पुणे शहर में एक मानव श्रृंखला बनाई गई, जिसके माध्यम से नागरिकों में सतर्कता जागरूकता का संदेश दिया गया। कर्मचारियों और आम जनता द्वारा देश भर में ई-प्रतिज्ञा भी आयोजित की गई। सभी शाखाओं द्वारा आउटरीच गतिविधियों के एक हिस्से के रूप में 'ग्राहक बैठक' आयोजित की गई।

सतर्कता जागरूकता सप्ताह के समापन दिवस पर पुणे शहर में बाइक रैली का आयोजन किया गया, जिसके माध्यम से नागरिकों में सतर्कता जागरूकता का प्रसार किया गया। समापन समारोह में सतर्कता जागरूकता गतिविधियों पर आधारित बैंक की ई-पत्रिका **"संवाद सरिता"** का भी विमोचन किया गया। "सतर्कता जागरूकता सप्ताह" के समापन समारोह में प्रधान कार्यालय के शीर्ष प्रबंधन, अधिकारियों और कर्मचारियों ने बड़ी संख्या में सहभाग लिया।

**निगमित संप्रेषण व निवेशक संबंध**
प्रधान कार्यालय: लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे – 5
टेलि -020 :25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार

(बाएं से) श्री ए एस राजीव, एमडी और सीईओ, बैंक ऑफ महाराष्ट्र कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाते हुए। (बाईं ओर) श्री एबी विजयकुमार, कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, श्री अमित श्रीवास्तव, मुख्य सतर्कता अधिकारी और श्री आशीष पांडे, कार्यकारी निदेशक, बैंक ऑफ महाराष्ट्र।